तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

11 जनसमस्या निवारण शिविरः 1843 में से 1689...



12 नगर में धूमधाम और भक्ति उल्लास के साथ ...





## 53 अतिक्रमणकारियों को नोटिस, तीन दिन में नहीं हटाया तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बालोद जिले में इन दिनों अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासनिक सख्ती लगातार तेज होती जा रही है। जिलेभर में चल रही कार्रवाई की कड़ी अब दल्लीराजहरा तक पहुंच गई है, जहां नगर पालिका ने बड़ा कदम उठाते हुए मुख्य मार्गों पर कब्जा जमाए 53 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया है। हरिभूमि में 2 अप्रैल को प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई तत्काल प्रभाव से शुरू की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए सभी संबंधित लोगों को तीन दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अंतिम अवसर दिया है। नोटिस में साफ कहा गया है कि निर्धारित समयसीमा के बाद किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी।

नगर पालिका के अनुसार, यदि तय समय के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर बलपूर्वक कार्रवाई करेगी। जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण हटाया जाएगा और इस दौरान होने वाले खर्च मशीन, मजदूर और अन्य संसाधनों की पूरी राशि संबंधित अतिक्रमणकारियों से वसूली जाएगी। साथ ही, कार्रवाई के दौरान होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी। सीएमओ सीमा बख्शी ने दो टूक कहा कि शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना ▶▶|शेष पेज 10 पर

### खर्च भी अतिक्रमणकारियों से ही वसूला जाएगा



#### 53 लोगों को नोटिस

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी कहती हैं की जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा के निर्देशानुसार अवैध अतिक्रमण कारियों पर कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 53 लोगों को नोटिस दिया गया है यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

नपा अध्यक्ष तोरण साहू कहते हैं नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी लोग का सहयोग आवश्यक है ,जिन लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण किया है वह स्वयं हटा ले अन्यथा संयुक्त रूप से दल पहुंच कर हटाएगा जिसमें नुकसान होने की संभावना है उन्होंने अपील किया है सड़कों के मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से रखे गए सामान और गाड़ी हटा लिया जाए।

## खबर संक्षेप

### ठेकवाडीह–दुपचेरा मार्ग की मरम्मत से राहगीरों को मिली राहत



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह से दुपचेरा पहुंच मार्ग का मरम्मत कराया गया। आपको बता दें कि सड़क मार्ग जो की जगह–जगह दरारें आ गया था, जिसके चलते राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही थी, मार्ग में दरारें पड़ जाने से हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती थी, जिसे प्रमुखता से समाचार के माध्यम से विभाग को अवगत कराया गया था। जिसे पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मरम्मत कराया गया।

### देवसरा में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**बालोद/निकुम।** ग्राम देवसरा मे बरगद पेड़ के छांव में विराजित संकट मोचन हनुमान मंदिर की महिमा अंचल में मंडित है, जहां हनुमान जन्मोत्सव सत्यम शिवम मानस परिवार देवसरा के तत्वाधान में धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर मां सिद्धेश्वरी मानस परिवार बलौदा बाजार की प्रस्तुति मंदिर प्रांगण में हुआ। गौर हो देवसरा मे हड्डी रोग के मरीज रोज आते है। इस मंदिर में पूजा अर्चना करते है, दर्शन पूजा अर्चना के बाद ईलाज करवाते हैं। वही इस अवसर पर वैद्यराज बिरेंद्र साहू ने बताया कि स्वयं कलयुग में संकट मोचन स्वरूप में हनुमान जी महिमा अपार है, अखिल भारतीय संघ अध्यक्ष पुजारी भोला दास वैष्णव ने भी बताया कि हर वर्ष हनुमान जयंती बड़े धूम धाम से मनाते है, जिसमें सभी ग्रामीण जन सामूहिक पूजा अर्चना कर भोजन भंडारा सहित मानस गान होता हैं, वही प्रत्येक मंगलवार को सुंदर कांड का पाठ करते है। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष जागेश्वर वैष्णव, राम सिंह साहू गंगाराम, होलकर, रमेश कुमार गणेशराम, डामन लाल, ईश्वर देशमुख सहित समिति के सदस्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### राजस्व पखवाड़े पर ग्राम ओरमा में शिविर आयोजित



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरे जिले भर में राजस्व पखवाड़ा के तहत तीन चरणों में सिविर लगाकर राजस्व प्रकरण का निराकरण हेतु शिविर, लगाया गया था, जिसमें तीन चरण में संपूर्ण होना है इसके प्रथम चरण के तहत ग्राम पंचायत ओरमा में राजस्व पखवाड़ा जिसमें हल्का पटवारी तरन्नुम खान ने कार्यालय ग्राम पंचायत ओरमा में आम जनता से मुलाकात किया और समस्या सुनी। जिसमें ओरमा से एक आवेदन प्राप्त हुआ और मेंड़की से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ, जो ऑनलाइन एमडी सीरीज में दर्ज कर लिया गया है, उक्त शिविर में पटवारी ने बताया कि ओरमा पंचायत में जो शिविर लगा है जिसमें एक आवेदन प्राप्त हुआ है ओरमा, मेड़की में राजस्व विवाद मुक्त ग्राम साबित होता है। उक्त राजस्व शिविर में पटवारी के साथ ग्राम पंचायत ओरमा सरपंच मंजुलता साहू, सचिव संतोष साहू, पंच सुदामा साहू, ग्राम पटेल धनु लाल सोनकर, कोटवार अलग राम सोनवानी, परमेश्वर देवदास, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी साहू, बिना ▶▶|शेष पेज 10 पर

### लापरवाही : नल कनेक्शन अधूरे, स्टैंड पोल बिना चबूतरे के खड़े

## 2.72 करोड़ की नल-जल योजना बना सफेद हाथी, चार साल बाद भी नहीं मिला पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- कागजों में पूरी, जमीन पर अधूरी योजना
- पुराने संसाधनों से चल रहा काम

हर घर नल हर घर जल योजना केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन के तहत चलाई जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना का अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के उदासीनता के चलते निर्माण कार्य के करोड़ों रुपए स्वीकृति के लगभग चार साल बाद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। नवनिर्मित पानी टंकी सफेद हाथी साबित हो रहा है। वर्तमान में ग्रामीणों को पंचायत द्वारा पूर्व की बिछाई गई पाइप लाइन में 12 बोरवेल के माध्यम से मिल रहे पानी का ही उपयोग कर रहे है। साथ ही ग्राम में लगभग 18 हैंडपंप है जिसका भी उपयोग किया जा रहा है। जिसमे गर्मी बढ़ते ही जल स्तर नीचे जाने से पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पीने का साफ पानी नल के माध्यम से पहुंचाना था। किंतु अधिकारियों और निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते यह योजना पूर्ण होती नही दिख रही है।

आदिवासी विकासखंड डोंडी का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत कुसुमकसा में 272.59 लाख रुपयों की लागत से योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कार्य ,पाइप लाइन भी ग्राम के गलियों में बिछा दी है ,ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन हेतु पाइप ले जाकर स्टेंड पोल खड़ा कर दिया गया है, कही कही तो स्टेंड पोल लगाया गया है किंतु चबूतरा नही बनाया है, टोंटी नही लगाया है, वही अनेक घरों में नल कनेक्शन नहीं दिए जाने की शिकायत मिल रही है वही बिछाई गई पाइप लाइन में उपयोग की गई पाइप शासकीय मापदंड के अनुरूप नहीं होने की बात ग्रामीण कह रहे है। यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। वहीं योजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि इस मिशन के तहत प्रत्येक घर को प्रतिदिन स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है। इस योजना से ग्रामीण महिलाओं के शारीरिक परिश्रम और ▶▶|शेष पेज 10 पर




#### कागजों में पूरी, जमीन पर अधूरी योजना

मामले को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए सवाल किया है सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट दूर करने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह खर्च किए गए। लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है, कागजों में सफल बताई जा रही जल योजनाएं जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल साबित हो रही हैं। इसका सीधा खामियाजा आम ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीण जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने, टंकी निर्माण, मोटर पंप और नल-जल योजना के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए। फाइलों में काम पूरा दिखाया गया, लेकिन गांवों में या तो नल सूखे पड़े हैं, कई जगह पाइपलाइन अधूरी है ।

#### एक माह में मिलेगा पानी

नितिन ठाकुर, एसडीओ, लोक स्वास्थ्य विभाग डोंडी ने बताया कि कार्य स्वीकृति के लगभग 18 माह के भीतर पूरा किया जाना था, लेकिन निर्माण कार्य में विलंब हुआ है। उन्होंने कहा कि विलंब के लिए निर्माण एजेंसी पर पेनाल्टी लगाकर राशि वसूली जाएगी। वर्तमान में पानी सप्लाई की टेस्टिंग जारी है और एक माह के भीतर ग्रामीणों को नल-जल योजना के तहत पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**नितिन ठाकुर,** एसडीओ, लोक स्वास्थ्य विभाग

## दुकान में घुसा अनियंत्रित ट्रक, सो रहे व्यक्ति घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नेशनल हाईवे बालोद धमतरी मुख्य मार्ग मे ग्राम बोहारडीह मे रात्रि तीन बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर आटो दुकान को तोड़ते हुए बिजली के खंभे को ठोकर मार दी। जिससे कि बिजली खंभे पांच हिस्सों में बढ़ गया। वहीं घर के सामने अपने आटो दुकान में सो रहे पन्ना बंजारे को भी अपने चपेट मे ले लिया जिससे पन्ना बंजारे के नाक एवं शरीर में अंदरुनी छोटे आई है, जिसे एंबुलेंस के माध्यम से धमतरी रेफर किया गया।

जानकारी अनुसार ग्राम बोहारडीह चौक के पास बुधवार को रात्रि लगभग 3 बजे के आस पास ट्रक क्रमांक सीजी 08 एडी 3958 जो कि धान खाली कर वापस आ रहा था बोहारडीह चौक के पास पहुंचा था, ट्रक की गति बहुत तेज थी, बताया जा रहा है कि रात्रि मे ड्राईवर को झपकी आई होगी जिससे हादसा हुआ। घटना की भयावहता व ट्रक की तेज गति का इसी से समझा जा सकता है कि ट्रक पुरुर से गुरुर की ओर जा रही थी जो पहले सड़क से पांच फीट नीचे जाकर बंजारे आटो दुकान को तोड़ते हुए बिजली खम्बा से टकराई, टक्कर से बिजली खम्बा पुरी तरह पांच टुकड़ों मे बंट गया, ट्रक की गति इस दौरान इतनी तेज थी कि इस दौरान ट्रक ने वाहन धोने के प्लेट फार्म को तोड़ा और दो फीट उंचे दीवार के को पार करते हुए पुनः सड़क मे आ गई। इस दौरान ट्रक ड्राइवर ने ट्रक का नियंत्रित करने प्रयास किया होगा जिससे ट्रक ▶▶|शेष पेज 10 पर

## फसल कटाई के बाद सक्रिय हुए लकड़ी तस्कर, ग्रामीण क्षेत्रों में कीमती पेड़ों की कटाई तेज



**गुरूर।** फसल कटाई के बाद ग्रामीण अंचल में इन दिनों खेतों में कीमती पेड़ो की लकड़ियों की कटाई जोरों पर चल रही है। लकड़ी कोचिए किसानों से सस्ते दामों में लकड़ी लेकर आरा मिलों में उसे खपा रहे हैं। फसल कटाई के बाद लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए हैं। किसानों से संपर्क कर उनके खेतों में लगी कीमती लकड़ी सस्ते दामों में खरीद रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में अंधाधुंध लकड़ी की कटाई चल रही है। वहीं, कहीं–कहीं गांव में लकड़ी तस्कर किसानों से लकड़ी खरीद कर स्टाक भी किए हुए हैं। ग्राम पड़कीभाट, तिलखैरी, अरमरीकला, सनौद, कंवर, भरदा, बगदई क्षेत्रें मे अवैध रुप से प्रतिबंधित कहुआ पेड़ की कटाई के समाचार है। जिन्हे गुण्डरदेही, सिकोसा, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## आज से शिवदर्शन आध्यात्मिक मेला 40 फीट के शिवलिंग का होगा आकर्षण



**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में 3 अप्रैल से आयोजित शिवदर्शन आध्यात्मिक मेले की तैयारियां हो चुकी है, जिसमे अलग–अलग प्रभाग के लोगो को बुलाया गया है। जिसमें महिला प्रभाग, युवा प्रभाग, बुजुर्ग प्रभाग का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस मेले में 40 फीट ऊंची शिवलिंग प्रतिमा, 12 ज्योतिलिंग दर्शन, आत्मज्ञान, परमात्म ज्ञान, कुंभकर व्यसन मुक्त जीवन शैली, राजयोग की विजुअल–ऑडियो विशेष अनुभूति, मूल्य आधारित गेम्स बच्चों के लिए यह विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। यह मेला प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक एवं शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक किलकारी बगीचा आमापारा बालोद में संचालित होगा।

## वनांचल की बेटी सरस्वती मंडावी बनीं सब इंस्पेक्टर, ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपहार भवन गुरुर में नवनियुक्त सब इंस्पेक्टर सरस्वती मंडावी का सब इंस्पेक्टर बनने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरस ब्रह्माकुमारी परमेश्वरी डॉक्टर प्रमोद साहू, बिजनेस मैन अमीरचंद साहू, एसके साहू, ग्राम विकास विस्तार अधिकारी शांताबाई साहू, जिला शिक्षा अधिकारी नंदकुमार साहू, सिंचाई विभाग की पुरन साहू, प्राचार्य आत्मानंद स्कूल के यादव, शिक्षक अनिल साहू, बीके चंद्रिका साहू, सेवक राम साहू, कमलेश्वरी साहू, शिक्षक नोगेश घनश्याम साहू उपस्थित थे।

सब इंस्पेक्टर सरस्वती गुरुर ब्लॉक में लगभग 150 की आबादी वाले छोटे से गांव वनांचल ग्राम बिच्छीबाहरा की रहने वाली है, पढ़ाई गांव में ही प्राथमिक शिक्षा पुरी हुई, उच्च शिक्षा रायपुर से इंजीनियरिंग हुआ, पढ़ाई के साथ वॉलीबॉल में नेशनल खिलाड़ी रही। शुरू से ही पुलिस में जाने की इच्छा थी, उनके गांव में न अच्छे से नेटवर्क नही आता और ना कोई सुविधा, इसलिए बाहर में ही तैयारी करनी पड़ी, यहां कोई खेल मैदान भी अच्छे से नहीं है, इसलिए जंगलों में जाकर प्रैक्टिस करती थी। उन्होने बताया कि जब जब जीवन में कोई कठिनाई आई परीक्षा की ▶▶|शेष पेज 10 पर



### नक्सलवाद खत्म होने से विकास को मिलेगी गति

## बस्तर के नक्सल मुक्त होने पर भाजपा नेताओं ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 2898 ने किया आत्मसमर्पण, कई नक्सली गिरफ्तार

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने बस्तर सहित पूरे देश से नक्सल मुक्त भारत का संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बस्तर जो रेड कॉरिडोर के नाम से जाना जाता रहा नक्सल मुक्त होने से अब बस्तर की एक अलग पहचान होगी।

छत्तीसगढ़ के विकास को नक्सलवाद ने रोक रखा था, लेकिन अब केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ की साय सरकार के नेतृत्व में चहुंओर विकास की धारा प्रवाहित होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की छवि को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने केन्द्र सरकार के प्रयासों से वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जब मार्च 2026 तक देश को माओवाद से मुक्ति दिलाने की समयसीमा तय की तो इसे लेकर कुछ लोगों ने इस पर संदेह जताया। लेकिन केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और जीरो टालरेंस वाली नीति के परिणाम सबके सामने हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बार–बार बस्तर आकर माओंवादियों से हथियार डाल कर मुख्यधारा में जुड़ने का आग्रह करते है जिसके चलते 2898 लोगों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे। इस दौरान 2 हजार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं बस्तर के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने भी लगातार बस्तर में रहकर बस्तर के विकास के लिए कार्य किया।





#### रोजगार और खेल गतिविधियों से युवाओं को मिल रहा नया अवसर

भाजपा जिला महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव व सौरभ लूनिया ने कहा कि एक ओर जहां माओवादियों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया, वहीं दूसरी ओर बस्तर में युवाओं को रोजगार देने के लिए नई भर्ती प्रक्रिया की गई, युवाओं के कौशल उन्न्नयन पर भी जोर दिया गया। बस्तर में आज बस्तर पंडुम, बस्तर ओलंपिक जैसे खेलों के माध्यम से बस्तर के युवा अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने ला रहे है वहीं दूसरी ओर बस्तर की सुंदरता ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है।

## चना खरीदी में सख्ती से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सहकारी समिति गुरुर के खरीदी केन्द्र बोहारडीह मंडी में किसानों का चना खरीदी किया जा रहा है, किंतु किसानों को चना बेचने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि चने में हल्के से भी गेहूं की दाना तिवड़ा बीज आ जाए तो उनको खरीदी नहीं किया जा रहा है, जिससे हताश होकर किसान मंडी में चना ना देकर कोचियों को देने मजबूर हो गए हैं, क्योंकि खरीदी केंद्र में चना पूरी तरह साफ सुथरा हो ऐसा नियम बता रहे हैं।

ग्राम कनेरी के किसान गैंद लाल सिंन्हा, राजेश सिंन्हा ने बताया कि चना बेचने मंडी लाए थे, किंतु उसमे हल्का तिवड़ा दाना होने के चलते चना को नहीं खरीदा गया, चना को पूरी तरह साफ सुथरा लाने को कहा गया। किसान ने बताया कि 10 क्विंटल चने में ज्यादा नहीं 1 किलो तिवड़ा भी आ नही होगा, उसके बावजूद भी चना को नहीं खरीदा गया। आज गुरुवार को मंडी में जिन किसानों का चना पूरी तरह साफ सुथरा था उन्हें बारदाना दिया गया एवं जिन किसानों का चने में हल्की सी पिलखैरी, तिवड़ा बीज दिखा उसे चलनी के सहारे से साफ करने के लिए कहा गया। इसके पश्चात ही उनके चने की खरीदी की गई।



**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंचायत ओडारसकरी में बाजार नीलामी कल




**अंडा।** ग्राम पंचायत ओडारसकरी का साप्ताहिक बाजार शनिवार बुधवार नीलामी स्कूल भारी (खेत) का नीलामी पशु पंजीयन नीलामी दिन शनिवार समय दोपहर 1 बजे स्थान ग्राम पंचायत भवन मे रखा गया है। इच्छुक व्यक्ति बोली लगाने समय पर अपनी उपस्थिति प्रदान करे। यह जानकारी सरपंच अनिल सोनी ने दी।

**निधन**

## मोहनलाल चंद्राकर



**जामगांव आर।** सेवानिवृत ब्रांच पोस्ट मास्टर मोहनलाल चंद्राकर का निधन हो गया है। उनके निवास स्थान ग्राम औरी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे गौरी चंद्राकर के पति, टिकेश चंद्राकर के पिता, कौशल चंद्राकर के भाई थे।

**शिविर : हितग्राहियों को दी गई आर्थिक सहायता**

# जनसमस्या निवारण शिविरः 1843 में से 1689 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखण्ड गुरूर के ग्राम अरमरीकला में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 1843 आवेदनों में से 1689 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, चंद्रिका गंजीर, कांति सोमेश्वरी एवं तेजराम साहू सहित जनपद सदस्य नरेश कुमार साहू, डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, संध्या अजेन्द्र साहू, झालेन्द्र कुमार साहू, तांसी देहारी, लता साहू एवं आशीष कुमार साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस मौके पर अतिथियों ने बालोद जिले में राजस्व पखवाड़ा का विधिवत शुभारंभ भी किया गया।

शिविर में अतिथियों के द्वारा ग्राम भुलनडबरी निवासी परमुनी बाई को उनके पति बिशेसर राम के तालाब में डुबने से मौत हो जाने के कारण 04 लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री ई रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत ग्राम कुम्हारखान के ईश्वरी साहू एवं पार्वती बाई को अनुदान राशि के रूप में 01–01 लाख रूपए का डेमो चेक भी प्रदान किया गया। इसके अलावा मत्स्य विभाग के विभागीय योजना अंतर्गत पंजीकृत दो मछुवारा सहकारी समितियों को जाल एवं आईस बॉक्स वितरण करने के अलावा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को तालाब निर्माण की अनुमति एवं 01 स्व सहायता समूह को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टा अनुमति प्रदान किया गया।

बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों को पूरी संवदेनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित कर आम जनता को शासन के जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित कराने को कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा प्रशासनिक अमले को आम जनता के बीच भेजकर उनके मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल करने तथा उसका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। चंद्राकर ने बाल विवाह को एक सामाजिक अभिशाप बताते हुए शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने के कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। संभागायुक्त सत्य नारायण राठौर ने जनसमस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए आम नागरिकों को शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा।




### राजस्व पखवाड़ा का भी आयोजन

संभागायुक्त ने राठौर ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को पानी के विवेकपूर्ण उपयोग तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन कर जल संरक्षण के कार्य में महती भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शपथ भी दिलाई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि ग्राम अरमरीकला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण के साथ–साथ राजस्व पखवाड़ा का भी आयोजन किया गया है। राजस्व पखवाड़ा के दौरान अविवादित बटवारा, नक्सल बटांकन, सीमांकन, भूअर्जन, त्रुटि सुधार आदि समस्याओं का समुचित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रस्तुत कर इसका समुचित लाभ उठाने की अपील की। शिविर को जनपद अध्यक्ष सुनीत संजय साहू एवं अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

# बहादुर कलारिन कालेज में निःशुल्क समर कैंप शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में हायर सेकेंडरी में अध्यनरत छात्र–छात्रओं के लिए 1 अप्रैल से 31 मई तक यह समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

जो पूर्ण रूपेण निःशुल्क है, जिसके अंतर्गत छात्र–छात्रओं को कंप्यूटर से संबंधित बेसिक जानकारी व व्यापम के द्वारा विभिन्न प्रकार की परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष रूप से यह आयोजन किया जा रहा है। छात्र–छात्रओं के द्वारा 1 अप्रैल को समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन का दूसरा वर्ष है। शुभारंभ के अवसर पर महाविद्यालय संचालन समिति के डायरेक्टर ताराचंद देवांगन, महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य व एचओडी मुरली कुमार सिन्हा, महाविद्यालय प्राध्यापक अश्वनी कुमार साहू, उपासना गंजीर, पामेश्वरी सेन, रामस्वरूप सिन्हा, तेजेश्वर सिन्हा, दीपिका निषाद, अमेरिका सिन्हा, नरेंद्र कुमार खोबरागड़े, हुमन लाल जंजीर, राकेश कुमार पारकर व सभी महाविद्यालय छात्र–छात्रएं भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ से पहले मां सरस्वती व भारत माता के तैलचित्र पर पूजन अर्चना किया गया। उक्त जानकारी महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य व एचओडी के द्वारा दी गई।

# संभागायुक्त-कलेक्टर ने किया श्रमदान, स्वच्छता रैली भी निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जल संरक्षण अभियान के तहत आम नागरिकों को दिया संदेश

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने के लिए गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला पहुँचने पर संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने दुर्गा माता चौक में जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही लखनलाल निषाद एवं डामनलाल गंधर्व के घर में निर्मित किए जा रहे सोख्ता गड्ढा निर्माण के कार्य में श्रमदान कर आम नागरिकों को सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

इस दौरान संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ अरमरीकला से डांडेसरा मार्ग की साफ–सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस दौरान महिलाओं ने जल संरक्षण के उपायों के संबंध में नारे लगाकर तथा स्लोगन प्रदर्शित कर आम नागरिकों को इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया। ग्राम अरमरीकला पहुँचने के पश्चात कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारियों ने सर्वप्रथम दुर्गा माता की पूजा–अर्चना कर बालोद जिले की सुख समृद्धि की कामना की।

इस दौरान मंगल भवन अटल चौक के पास स्वच्छताग्राहियों के साथ स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वच्छताग्राही दीदियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं ने नीर चेतना अभियान अंतर्गत जल संचय, जल बचाओ अभियान के तहत दुर्गा मंदिर से शिविर स्थल तक रैली निकालकर जल संचय एवं जन भागीदारी एवं स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, एसडीएम आरके सोनकर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित अन्य विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।



# देवरी द में गहराया जल संकट नलों में पानी की जगह निकल रही हवा, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- गहराया जल संकट, हैंडपंप और नल हुए अनुपयोगी

अप्रैल के महीने में हैंड पंप, बोर सहित जल जीवन मिशन के तहत लगे नल भी अनुपयोगी साबित हो रहे, पानी मानो पाताल लोक चली गई हो, वॉटर लेबल का स्तर गिरते ही जा रहा है, गांव में पेयजल संकट गहरा रहा है।

गांव में लगभग 2000 से ज्यादा की आबादी है, जिसमे देवरी द बड़े पारा, नवीन पारा, देवसरा मे पानी की किल्लत है, ग्राम पंचायत देवरी द के अंतर्गत लगभग 661 नल कनेक्शन है, लेकिन कई घरों में पानी नहीं सिर्फ हवा निकलती है, मजबूरी में ग्रामीण टुल्लू पंप का सहारा ले रहे हैं, ग्रामीणों की माने तो कई बार ग्राम पंचायत व जनप्रतिनिधियों को मांग कर थक गए, लेकिन जल संकट से मुक्ति नहीं मिली।



विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत देवरी द में पीएचई विभाग के एसडीओ विशाल नेताम व सब इंजीनियर प्रियंका धुर्वे सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने गुरुवार को देवरी द में अचानक निरीक्षण कर कुछ घरों से टुल्लू पंप जब्त कर नहीं चलाने की समझाइश दिया, वही गांव में पानी की किल्लत को लेकर जमकर हल्ला हुआ, मौके पर अधिकारियों और सरपंच दीपिका बीसे लाल ठाकुर और पंचों ने कहा कि सुबह नल चलने के समय कुछ घंटे लाइट बंद करेंगे, वही ग्रामीणों ने नल को सुबह और शाम चालू करने की बात कहीं।



**संगीतमय तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

# रीवागहन दो दिनी गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा

- मंगल कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ, दीप यज्ञ में दिया गया संस्कृति का संदेश

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष तथा परम पूज्य गुरुदेव द्वारा प्रज्वलित अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम रीवागहन स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय शक्ति संवर्धन, राष्ट्र जागरण, तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं एवं ग्राम की बहनों द्वारा मंगल कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया और लोगों को आयोजन में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया। सायंकाल दीप यज्ञ के माध्यम से यज्ञ एवं गायत्री की महिमा, संस्कारों का महत्व तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। द्वितीय दिवस तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुआ। गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा से आए तुलसी साहू, चेतना चौहान, रेणुका गंजीर, भोलाराम साहू एवं महेश राणा की टोली ने संगीतमय यज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत देव पूजन के साथ हुई। संगीतमय वातावरण में श्रद्धालुओं ने गांव की सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए तुलसी साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति के मूल आधार यज्ञ और गायत्री हैं। यज्ञ परोपकार की भावना जागृत करता है तथा स्वार्थ से परमार्थ की ओर अग्रसर करता है, वहीं गायत्री जीवन में सत चिंतन, श्रेष्ठ व्यवहार और उत्कृष्ट व्यक्तित्व निर्माण की विद्या प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि गौ, गंगा, गायत्री और गीता भारतीय संस्कृति के चार आधार स्तंभ हैं, जिन पर हमारी समृद्ध परंपरा टिकी हुई है। वहीं रेणुका दीदी ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारों के माध्यम से ही मनुष्य अपने जीवन का परिष्कार कर देवत्व की ओर अग्रसर होता है। ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू ने आगामी 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले गौ सम्मान प्रार्थना पत्र ज्ञापन कार्यक्रम एवं 6 से 10 मई तक प्रस्तावित पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर की जानकारी दी। महायज्ञ के दौरान दो गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार भी विधिवत संपन्न कराया गया, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम में अशोक साहू, कैलाश साहू, विरेंद्र साहू, रेखा साहू, मयाराम यदु, केसर यदु, देवेन्द्र साहू, दुर्गा साहू, देवकुमार मोहनमाला, दिगम्बर साहू, मानुराम खरे, बोधनी सावनक, गजेश्वरी ठाकुर, मोनिका साहू, चैन सिंह, पुरण लाल साहू, ओमकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं परिजन उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में सभी ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## दो दिनी श्रीराम मानस संकीर्तन का आयोजन

**बालोद/कलंगपुर।** विकासखंड गुण्डरदेही से 9 किलोमीटर दूर ग्राम चारभाठा कलंगपुर में श्री राम मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासी चारभाठा के तत्वाधान में 7 एवं 8 अप्रैल को कथाकार कामता प्रसाद शरण का जय गुरुदेव संकीर्तन मंडली कूडेराढादर का संकीर्तन का आयोजन रखा गया है। संकीर्तन दोपहर 1.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक रखा गया है। जिसके शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुजारी एवं ज्योतिषाचार्य चारभाठा उत्तम साहू होंगे। अध्यक्षता सरपंच चारभाठा रोहित केकती करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व सरपंच चारभाठा संजय चंद्राकार, जनपद सदस्य गुण्डरदेही वंदना साहू, आयोजक समिति के अध्यक्ष हरिराम साहू, उपाध्यक्ष डॉ आशीष साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रभान यदु, सचिव चित्रसेन केकती है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

**-: उद्घोषणा :-**

क्रमांक /141/ प्र./अति.तह. / 2026
दल्लीराजहरा, दिनांक- 01/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 92/प्र.कले. /2026 बालोद, दिनांक 25/01/2026 के अनुसार आवेदक श्री रामनारायण पिता स्व. गायाराम जाति गांडा निवासी सड़क एवेन्यू सी.क्वा. नंबर 12 सेक्टर 1 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं अन्य 03 द्वारा अधिसूचित क्षेत्र डौण्डी के ग्राम चिखलाकसा वार्ड क. 10 पहन. 10 स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 775/2 रकबा 0.02 है. भूमि को घरेलू एवं निजी कार्यों हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता श्रीमती दीप्ती जैन पति संजय कुमार जैन जाति जैन निवासी वार्ड क. 07 दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 16/04/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 01/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

(मुहर)

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा
जिला-बालोद (छ.ग.)

**समाधान की दिशा में पहल जरूरी, अपराध की घटनाओं में भी बढ़ोतरी**

# फैल रहा सूखा नशे का जाल, युवा वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में सूखा नशा और अन्य मादक पदार्थों का जाल तेजी से फैल रहा है। हालात इस कदर बिगड़ते जा रहे हैं कि अब छोटे बच्चों से लेकर पचपन वर्ष तक के लोग इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि युवा वर्ग बड़ी संख्या में इस दलदल में फंसता जा रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।

शहर के कई इलाकों में नशीले पदार्थों की उपलब्धता आसान हो गई है। गली-मोहल्लों में इनकी खुलेआम बिक्री की चर्चाएं आम हैं। इसका असर स्कूल और कॉलेज के छात्रों पर साफ दिखने लगा है। नशे की वजह से पढ़ाई छूट रही है, पारिवारिक रिश्ते टूट रहे हैं और अपराध की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। लगातार अपराध हो रहे हैं जिले के आंकड़े देखा जाएं तो सुख नशा करने वाले चाकू बाजी हत्या और अन्य अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चेतावनी

शहीद अस्पताल के डॉक्टर शैबाल जाना ने बताया कि सूखा नशा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इससे युवाओं में अवसाद, स्मृति ह्रास, चिड़चिड़ापन और गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। समय रहते इलाज और परामर्श बेहद जरूरी है, अन्यथा इसके दुष्परिणाम लंबे समय तक समाज को प्रभावित करेंगे।



### पीड़ित परिवारों का दर्द

एक पीड़ित पिता सेवक कुमार,, रोहित भूआर्य ने बताया कि उनका बेटा पहले पढ़ाई में अव्वल था, लेकिन गलत संगत में पड़कर नशे का आदी हो गया। अब घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ चुकी है और इलाज में काफी खर्च हो रहा है। एक माता रूखमणी बाई ने बताया कि उनका बेटा नशे के कारण आक्रामक हो गया है और घर में आए दिन विवाद करता है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी

*नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने बताया कि नशे के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जा रही है और कई मामलों में कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सूचना इस अभियान में बेहद महत्वपूर्ण है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।*

*विकास पाटले, नगर पुलिस अधीक्षक*

### नशा मुक्ति अभियान जिला स्तर जारी

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि नशा मुक्ति को लेकर जिला स्तर पर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, साथ ही नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों के लिए परामर्श और उपचार की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग के बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। वहीं समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि का कहना है कि युवाओं को खेल, शिक्षा और रोजगार से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे नशे से दूर रह सकें। परिवारों को भी बच्चों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जा रही है।

### जागरूकता की जरूरत

नशा के खिलाफ आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी विषय है। मोहल्लों में जागरूकता अभियान, स्कूलों में काउंसलिंग और युवाओं के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना बेहद जरूरी है। नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। अब जरूरत है सामूहिक जागरूकता, सख्ती और सकारात्मक पहल की, ताकि आने वाली पीढ़ी को इस खतरे से बचाया जा सके।

# पूंजीपतियों की सरकार ने बिगाड़ा आम आदमी का बजटः नपं पूर्व उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष विद्या शर्मा ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार के कमजोर आर्थिक प्रबंधन और नीतिगत विफलताओं के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की वृद्धि की गई है, जबकि पिछले तीन महीनों में ही 525 रुपये तक बढ़ोतरी हो चुकी है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में भी 62 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। शर्मा ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी को "दिखावटी राहत" बताते हुए कहा कि कई राज्यों में कीमतें फिर बढ़ गई हैं।

आरोप लगाया कि खाद्य तेल, दूध, राशन सामग्री सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे आम आदमी का किचन बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। जहां पहले खाद्य तेल के दाम धीरे-धीरे बढ़ते थे, वहीं अब कम समय में ही दोगुने तक पहुंच गए हैं। शर्मा ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर, जो पहले अपेक्षाकृत सस्ता था, अब 900 से 1000 रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1580 से बढ़कर 1691 रुपये हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आम जनता के बजाय अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने में लगी है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद की नई कार्यकारिणी घोषित

**बालोद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद शहर की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमे वार्ड क्रमांक 09 के देवप्रीत कत्याल को कोशाध्यक्ष बनाया गया है। वही उपाध्यक्ष के पद पर वार्ड क्रमांक 15 के नरेन्द्र देशलहरा, वार्ड क्रमांक 17 के बिरजू ठाकुर, वार्ड क्रमांक 19 के भगवती सोनकर, वार्ड क्रमांक 12 के इब्राहीम जोसफ, वार्ड क्रमांक 10 के कमल टुवानी, वार्ड क्रमांक 12 के असीम पांडे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वही महामंत्री पद के लिए वार्ड क्रमांक 16 के वैभव शर्मा, वार्ड क्रमांक 17 के खिलानंद चौधरी, वार्ड क्रमांक 13 के नेमसिंह देशलहरा, वार्ड क्रमांक 07 के आबिद मलिक, वार्ड क्रमांक 18 के गिरीश यादव, वार्ड क्रमांक 19 के सुनील जैन, वार्ड क्रमांक 05 के योगे"वरी साहू, वार्ड क्रमांक 14 के रूपेश यादव को महामंत्री बनाया गया है। वही सचिव पद के लिए वार्ड क्रमांक 08 गुलाम मोईनुद्दीन, वार्ड क्रमांक 06 रोहित पटेल, वार्ड क्रमांक 09 रियाज खान, वार्ड क्रमांक 14 अनिल सोनी, वार्ड क्रमांक 04 किरण सोनकर, वार्ड क्रमांक 12 धर्मेन्द्र साहू, वार्ड क्रमांक 15 भोला विश्वकर्मा, वार्ड क्रमांक 18 पुष्पक ठाकुर, वार्ड क्रमांक 20 दिलीप सिन्हा, वार्ड क्रमांक 02 यश पर्चानी को सचिव बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में वार्ड क्रमांक 01 दिनेश्वर साहू, वार्ड क्रमांक 17 चन्द्रकांत राणा, वार्ड क्रमांक 03 चन्द्रहास साहू, वार्ड क्रमांक 11 ललित कांवरे, वार्ड क्रमांक 15 भोजेश्वरी साहू, वार्ड क्रमांक 02 जीतेन्द्र साहू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### भक्त माता कर्मा तैलिक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा 12 को, 5 अप्रैल तक पंजीयन

**बालोद।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा भक्त माता कर्मा तैलिक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा 2026 का आयोजन गुण्डरदेही एवं बालोद में 12 अप्रैल को किया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षा तीन स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमे 11 वर्ष से 14 वर्ष की आयु पूर्व माध्यमिक स्तर, 15 वर्ष से 18 वर्ष की आयु माध्यकि स्तर, 19 वर्ष से 23 वर्ष की आयु उच्च शिक्षा स्तर पर आयोजित की जा रही है जिसमे 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसके पंजीयन की अंतिम तिथि 5 अप्रैल रखी गई है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 5,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 4,000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3,000 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2,000 रूपये, पंचम पुरस्कार 1,000 रूपये रखा गया है। जिसमे प्रतिभागी सभी बच्चो को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजन 4 से

**अंडा।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर तीन दिवसीय भव्य आयोजन 4 अप्रैल से 6 अप्रैल तक किया जाएगा। ग्राम भोथली ,पोस्ट तिरगा में पहले दिन दोपहर बाद 3:00 बजे कलश यात्रा, शाम 5:00 बजे श्री राम कथा, दूसरे दिन सुबह 10:00 बजे वेद पूजा ,सुबह 11:00 से 1:00 तक श्री राम कथा व दोपहर 2 से 3बजे तक परिचय सम्मेलन , सम्मान, अपराह्न 3 से 5 बजे तक श्री राम कथा, तीसरे दिन सुबह 10:00 से 11:00 बजे वेद पूजा , सुबह 11 से 1:00 बजे तक श्री राम कथा , दोपहर 2.00 से 3:00 बजे तक सम्मान समारोह और अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक श्री राम कथा तत पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में श्री राम कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक राजहंस भरत द्वाज, राजहंस परिवार अंबागढ़ चौकी करेंगे। संयोजक सुरेश कुमार साहू अध्यक्ष शास. महाविद्यालय ,पूर्व सरपंच ने बताया कि वर्षो यह आयोजन खरखरा नदी के तट पर खेल मैदान में होगा जिसमें लगभग 25 से 30 गांव के राम भक्त सम्मिलित होंगे।

### सरपंच ने विवाह अवसर पर दी आर्थिक सहायता

**सेलूद।** ग्राम पंचायत देवादा की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने विवाह अवसर पर आर्थिक सहायता दी। देवादा निवासी संतोष कुलदीप एवं शिवबती कुलदीप के पुत्र प्रियांशु एवं पुत्रवधू निधि के विवाह के शुभ अवसर पर सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने 5000 की सहायता राशि प्रदान कर नवदंपति को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### सब-इंस्पेक्टर चयनित धर्मेंद्र का हुआ स्वागत

**धमधा।** स्थानीय राजपुर गांव के होनहार युवक धर्मेंद्र साहू का चयन सब-इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। गृहग्राम लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया। धर्मेंद्र साहू के पिता प्रेमलाल साहू पेशे से पोस्टमास्टर हैं। बेटे के कंधों पर सजे दो सितारों ने पिता के संघर्ष और समर्पण को साकार कर दिया।

### लोक महोत्सव देवगहन में आज

**अंडा।** हनुमान जयंती पर ग्राम देवगहन में दो दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 2 एवं 3 अप्रैल को किया जा रहा है।

**पर्व : जगह-जगह मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन और भंडारा प्रसादी के आयोजन**

**बालाजी हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन**

# नगर में धूमधाम और भक्ति उल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

नगर में गुरुवार को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर पूरा नगर भक्ति रस में डूबा नजर आया। जगह-जगह मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन और भंडारा प्रसादी के आयोजन से वातावरण भक्तिमय हो गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें विभिन्न मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ पड़ीं। पुराना हॉस्पिटल स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर परिसर जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। वहीं विवेकानंद चौक में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संतोष गुप्ता एवं उनके साथियों द्वारा शरबत वितरण का सराहनीय आयोजन किया गया। तेज गर्मी के बीच राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए यह



सेवा आकर्षण का केंद्र रही और बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया। रमेश मेडिकल के सामने स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। यहां पूजा-पाठ, हवन, महाआरती के साथ विभिन्न मंडलियों द्वारा रामचरितमानस का सुमधुर पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बालाजी मंदिर समिति द्वारा यहां भी भव्य भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया।

इसके अलावा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे विधि-विधान के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सजावट, भक्ति गीतों और सेवा कार्यों ने उत्सव को और भी भव्य बना दिया। जो कि देर रात तक जारी रहा। पूरे नगर में दिनभर धार्मिक उल्लास, श्रद्धा और सेवा भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे हनुमान जन्मोत्सव एक यादगार आयोजन बन गया।

## थाना परिसर में हनुमान जयंती पर भव्य आयोजन

**डौंडीलोहारा।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर के थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भक्ति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विशेष हवन-पूजन, मंत्रोच्चार और भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। विद्वान पंडितजी द्वारा विधि-विधान से विशेष अनुष्ठान एवं पूजन संपन्न कराया गया। हवन की पवित्र आहुति और वैदिक मंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। थाना परिसर के साथ-साथ आसपास के ग्राम बटेरा, सिवनी, कामता सहित कई गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने भी पूरे उत्साह के साथ पूजा-अनुष्ठान में भाग लिया और भंडारा प्रसादी ग्रहण कर



पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन में सेवा भाव और सहयोग की भावना विशेष रूप से देखने को मिली। इस धार्मिक आयोजन में थाना प्रभारी टीआई मुकेश सिंह, एएसआई अनितराम यादव सहित पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, व्यवस्था और भक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जिससे थाना परिसर एक दिव्य और आध्यात्मिक वातावरण में परिवर्तित हो गया। यह आयोजन आस्था और एकता का प्रेरणादायक उदाहरण बन गया।

## ग्राम साल्हेभाट में जीर्णोद्धार के बाद धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**गुरूर।** ग्राम साल्हेभाट में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जय जागृति रामधुनी समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मंदिर का जीणोद्धार कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। जहां पंडित द्वारा मंत्रेचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। ग्राम विकास समिति सचिव ओम प्रकाश सिंन्हा ने बताया कि हमारे ग्राम में विगत 20 वर्ष पूर्व भगवान हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई थी, जिसे समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोधार कर



विधिवत पूजा अर्चना कर हनुमान जी की जन्मोत्सव मनाकर प्रसादी वितरण एवं भंडारा रखा गया था।

## श्रद्धा के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बाल हनुमान समिति द्वारा अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। इस विशेष आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी उत्साहपूर्वक संभाली। हनुमान मंदिर परिसर में पंडित लोचन प्रसाद शर्मा के सान्निध्य में विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया, जिसमें बच्चों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता निभाई। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच खीर, पूड़ी, नारियल, मूंगफली और लाईचीदाना का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की तैयारी में भी बच्चों ने सराहनीय योगदान दिया। मंदिर परिसर की साफ-सफाई का कार्य बच्चों ने स्वयं तीन दिन तक लगातार किया, जिससे परिसर स्वच्छ और आकर्षक बना। इस सेवा कार्य से बच्चों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम नजर आया। उनका यह प्रयास न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज को स्वच्छता और सहभागिता का संदेश भी देखने को मिला।

## दल्लीराजहरा में भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई हनुमान जयंती, भव्य शोभायात्रा ने मोहा मन

**दल्लीराजहरा।** शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हनुमान जयंती का पर्व इस वर्ष अभूतपूर्व उत्साह, भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही हनुमान मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और ऊर्जा से भरपूर नजर आया।

हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सजीव झांकियां, धार्मिक ध्वज, भक्ति गीतों पर झूमते युवा और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने हर किसी का मन मोह लिया। जगह-जगह स्वागत मंच बनाकर श्रद्धालुओं ने शरबत, फल और प्रसाद का वितरण किया, जिससे सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

स्थानीय हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित रमाकांत मिश्रा और सनत पाठक, रामनारायण ने बताया कि हनुमान जयंती केवल एक पर्व नहीं बल्कि शक्ति, भक्ति और निस्वार्थ सेवा का संदेश देने वाला दिवस है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की आराधना से जीवन के संकट दूर होते हैं और आत्मविश्वास बढ़ता है। वहीं पंडित घनश्याम दास शर्मा ने कहा कि आज के समय में हनुमान जी के आदर्श—निष्ठा, साहस और समर्पण—हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

पंडित विष्णु प्रसाद तिवारी ने बताया कि पूरे



दिन मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ और विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों के बीच आपसी भाईचारा मजबूत होता है। दल्लीराजहरा शहर के हृदय स्थल गुप्ता चौक स्थित हनुमान मंदिर को सुंदर तरीके से सजाया गया था, इसी तरह शहर के फौववारा चौक के समीप हनुमान मंदिर को बेहतरीन तरीके से दुल्हन की तरह सजाया गया। भक्तों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु सुनील साहू ने कहा कि हनुमान जयंती का पर्व हर वर्ष नई ऊर्जा और विश्वास लेकर आता है। वहीं श्रद्धालु अंजली वर्मा ने बताया कि शोभायात्रा और मंदिरों में हुए आयोजनों ने मन को अत्यंत शांति और आनंद प्रदान किया।

दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन और स्वयंसेवकों ने बेहतर समन्वय का परिचय दिया, जिससे पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और सहजता बनी रही। दल्लीराजहरा में हनुमान जयंती का यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा भावना और सांस्कृतिक समृद्धि का भी सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। देर रात तक शहर में भक्ति की गूंज सुनाई देती रही और हर चेहरा आस्था और संतोष से दमकता नजर आया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर सहगांव में उमड़ा आस्था का सैलाब

**डौंडीलोहारा।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सहगांव में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला, जहां सुबह से ही जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

इस पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं और बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया गया। मंदिर परिसर में हनुमत भगवान की विशेष पूजा-अर्चना, हवन और आरती का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में डूबा नजर आया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्रद्धा सुमन बालिका मानस



परिवार पचपेड़ी द्वारा प्रस्तुत भव्य रामायण कार्यक्रम रहा। बालिकाओं द्वारा मधुर स्वर में प्रस्तुत रामायण पाठ और भक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे आयोजन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और धार्मिक भावना को बढ़ावा मिलता है। पूरे आयोजन ने सहगांव को एक बार फिर आस्था और भक्ति के रंग में रंग दिया।

## हनुमान जन्मोत्सव, भक्ति और मानस गान से गूंजा मंदिर परिसर

**बालोद/निकुम।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर भरदाकला धान खरीदी केंद्र के पास विराजित हनुमान मंदिर में बीते एक दशक से हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते आ रहे है, जिसमें दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव भक्ति मय वातावरण में सफलता पूर्वक हुआ। जिसमें ग्राम से शोभा यात्र के साथ जय श्री राम, जय हनुमान के नारे लगे, वही हनुमान मंदिर भरदाकला में विराजित संकट मोचन की पूजा अर्चना, सामूहिक हनुमान चालीसा सुंदरकांड का पाठ शुरू हुआ, जिसमें हनुमान जी का रुद्राभीषेक, हुआ आयोजक प्रमुख डेसाहब और ओम कली कलिहारी ने बताया कि इस हनुमान मंदिर में श्रद्धालु दर्शन पूजा करने आते जाते है। वही शोर संदेश मानस परिवार के व्याख्याकार ने मानस कथा में नंद कुमार साहू ने हनुमान जी की महिमा बताते हुए कहा हनुमान जी स्वयं अतुलित बल धाम हैं अर्थात उनसे



कोई तुलना नहीं कर सकता, क्योंकि जिसमें कोई अभिमान ना हो, वही हनुमान है, जो प्रभु की निस्वार्थ भावना से सेवा कर पूरे जगत में राम दूत बनकर राम नाम की महिमा हनुमान जी स्वयं कलयुग के साक्षात देवता है, जो अष्ट सिद्धि के दाता है, जो सबके संकट हरते है। वही श्री राम नाम की महिमा से चारों युग में साक्षात हनुमान जी भक्तों की रक्षा करते है। साहू ने कहा कि कहा कि व्यक्ति क्षणिक भर सुख व मोह माया के लिए भटक कर स्वयं अपने की पाप कर्मों में मकड़ी की तरह फंस रहा है, राम नाम की महिमा पूरे संसार में हनुमान जी ने बताया, प्रभु श्री राम की भक्ति बहुत ही सरल है वही पूरे दो दिनों से मानस गान की गंगा बह रही है। दो अप्रैल गुरुवार को सुबह पूजा अर्चना, हवन यज्ञ कर क्षेत्रवासियों की मंगल कामना किया गया, जिसमें सुबह 11 बजे स्वर धारा मानस परिवार तुलसीपुर व दोपहर 3 बजे शाम 5 बजे तक श्री महाशिव शक्ति में जगराता एवं जस भजन परिवार कसारीडीह दुर्ग की भक्ति मय प्रस्तुति हुई, जिसमें अंचल के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

### मासिक बैठक 4 अप्रेल को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद का मासिक बैठक 4 अप्रेल को सुबह 11:30 बजे सिवनी स्थित गोण्डवाना भवन में रखी गई है, जिसमें महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाने और अन्य समसामयिक विषय पर चर्चा किया जायेगा। उक्त बैठक में जिला स्तर के पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौडी, डौंडीलोहारा, दल्लीराजहरा व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी, सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ व युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बैहाकुआं स्कूल में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम बैहाकुआं के शासकीय प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को सामूहिक रूप से न्यौता भोज का आयोजन समाजसेवी हरिश्चंद्र श्रीवास द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर एवं हनुमान जयंती के अवसर पर दिया गया इससे समुदाय एवं शाला में सहभागिता तालमेल बेहतर रहता है शासन के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ न्योता भोज के द्वारा बच्चों को पूरक पोषण आहार के साथ पौष्टिक चीज फल, दूध, खीर ,पूरी ,चावल दाल सब्जी इत्यादि परोसा गया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर सरपंच किशोर साहू, ग्राम प्रमुख राम जी भंडारी, संकुल प्रभारी खोमन लाल साहू, संकुल समन्वयक





अशोक टंडन, प्रधान पाठक रोमन लारेन्द्र, शिक्षिका बुधनतींन पटेल, प्रमोद चंद्राकर, उपसरपंच मोरध्वज पटेल, वरिष्ठ नागरिक नियम पटेल, संतोष ढीमर, ग्राम पंचायत के सचिव महेंद्र यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे जिसके लिए संस्था की ओर से हरिश्चंद्र श्रीवास को धन्यवाद ज्ञापित किया और आगे हमेशा इस प्रकार के आयोजन के लिए प्रेरित किया।

### न्योता भोज कराया

**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला तितुरगहन गुरुर में प्रधानपाठक अनिल कुमार साहू ने जन्म दिवस पर बच्चों को न्योता भोज कराया। 57 वर्ष पूर्ण होने पर स्कूल के समस्त स्टाफ, बच्चे और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर साहू ने बच्चों को कहा कि आप हमेशा पढ़ाई में ध्यान दें और अपने माता–पिता का नाम रोशन करें।



